तापमान

अधिकतम 38.6 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 4 जुलाई 2026

12 हर जोर-जुल्म की टक्कर में... विज तुम्हारा है



12 नवनियुक्त प्राचार्य के स्वागत में डीएवी स्कूल ..



## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बुलेट सवार व्यक्ति की मौत

**यमुनानगर।** जगाधरी-व्यासपुर रोड पर गांव चाहड़ो के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बुलेट बाइक सवार 48 वर्षीय देवी दयाल की मौत हो गई। अग्रसेन कॉलोनी, मांडखेड़ी की टपरी निवासी तरुण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि देवी दयाल किसी काम से जा रहे थे, तभी कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार भी अनियंत्रित होकर खेतों में उतर गई। घायल देवी दयाल को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक पर लड़की के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने नौ वर्षीय लड़की के साथ छेड़छाड़ की। पुलिस ने लड़की की मां की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ 10 पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दो जुलाई को सुबह आठ बजे उसकी नौ वर्षीय लड़की घर के बाहर खड़ी थी। इस दौरान उनके गांव के ही मोहित कुमार ने लड़की को गलत तरीके से छुआ। जब उसने इस बारे पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

### 272.25 ग्राम हेरोइन के साथ नशा तस्कर पकड़ा

**यमुनानगर।** सीआईए-वन पुलिस ने पश्चिमी यमुना पुल की कच्ची पटरी के पास नाकाबंदी के दौरान एक नशा तस्कर को 272.25 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार बरामद हेरोइन की बाजार कीमत करीब छह लाख रुपये है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गांव कांजनू से हमीदा की ओर आने वाले मार्ग पर नाका लगाया था। जांच के दौरान बाइक सवार युवक को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के नकुड़ निवासी अक्षय कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर बाइक जब्त कर ली है तथा हेरोइन के स्रोत और नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है।

### मोबाइल हैक कर निकाले 3.42 लाख रुपये

**यमुनानगर।** हुड्डा सेक्टर-17, जगाधरी निवासी सुशील कुमार बंसल साइबर ठगी का शिकार हो गए। एक जुलाई को उनके व्हाट्सएप पर एक अज्ञात नंबर से एपीके फाइल भेजी गई। जैसे ही उन्होंने उस फाइल पर क्लिक किया, उनका मोबाइल हैक हो गया। कुछ समय बाद मोबाइल चालू होने पर उन्हें बैंक खाते से लगातार पैसे निकलने के संदेश मिले। जांच करने पर पता चला कि साइबर ठग उनके खाते से 3.42 लाख रुपये निकाल चुके थे। इसके बाद उन्होंने साइबर क्राइम थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### बीच-बचाव में पिता-पुत्र पर रॉड से हमला

**यमुनानगर।** गांव खजूरी में आपसी विवाद शांत कराने पहुंचे पिता-पुत्र पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया गया। हमले में इरफान खान के सिर पर गंभीर चोटें आईं और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। रमजान खान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके चाचा के बेटे जुल्फान खान का अपने पिता से विवाद हो रहा था। बीच-बचाव करने पहुंचे रमजान और उनके बेटे पर जुल्फान ने रॉड से हमला कर दिया। घायल इरफान को पहले रादौर सिविल अस्पताल और फिर यमुनानगर रेफर किया गया। पुलिस ने आरोपी जुल्फान खान के खिलाफ केस जांच शुरू कर दी है।

### जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति नियंत्रक की टीम ने लिए सैंपल

# कुंजपुरा गेहूं घोटाले की जांच फिर तेज 15 हजार कट्टों की कमी से बढ़े सवाल

> शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि विभाग ने जानबूझकर जांच में देरी की जिससे खुले में रखा गेहूं खराब हो गया

> डीएफएससी ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि जांच समिति की निगरानी में स्टॉक का सत्यापन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के कुंजपुरा गोदाम में सामने आए करोड़ों रुपये के गेहूं घोटाले की जांच एक बार फिर तेज हो गई है। ताजा स्टॉक जांच में करीब 15 हजार गेहूं के कट्टे कम मिलने के बाद विभागीय कार्रवाई पर सवाल खड़े हो गए हैं। जांच टीम ने शुक्रवार को गोदाम पहुंचकर गेहूं के सैंपल लिए, जिनकी रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा कि स्टॉक में रखा गेहूं खराब हुआ है या नहीं। शिकायतकर्ता विकास कुमार ने आरोप लगाया कि विभाग ने जानबूझकर जांच में देरी की, जिससे खुले में रखा गेहूं खराब हो गया। उनका कहना है कि जिस अधिकारी के कार्यकाल में गेहूं गायब हुआ, उसी को जांच टीम में शामिल कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि समय रहते कार्रवाई होती तो सरकार को नुकसान नहीं होता।

मामले में पहले खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के दो अधिकारियों तथा एक आढ़ती के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है। वहीं डीएफएससी मुकेश गुप्ता ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि स्टॉक की जांच समिति की निगरानी में हुई है और बारिश के कारण भी गेहूं खराब हुआ है। उन्होंने बताया कि पहले 4900 कट्टे कम मिले थे, जबकि बाद में शेड में रखे स्टॉक में 9500 कट्टे और कम पाए गए।

जांच समिति के अध्यक्ष विकास खोखर ने बताया कि उन्हें 19 मई को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। एफसीआई रिकॉर्ड का मिलान अभी पूरा नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि गेहूं की गुणवत्ता जांच के लिए सैंपल भेजे गए हैं और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इस प्रकार की जांच का अनुभव नहीं होने की बात पहले ही विभाग को बताई थी।

शिकायतकर्ता विकास कुमार ने दावा किया कि उनकी शिकायत के अनुसार गोदाम से हजारों कट्टे गेहूं गायब हुए हैं। विजिलेंस जांच में 9500 कट्टे कम पाए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारियों को हटाने और शिकायत पर समय रहते कार्रवाई न करने के कारण सरकार को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा।



करनाल। कुंजपुरा गोदाम में गेहूं स्टॉक की जांच करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

#### 9500 कट्टे गायब होने का आरोप

विकास कुमार ने बताया कि उनकी शिकायत के अनुसार कुंजपुरा गोदाम से गेहूं के हजारों कट्टे गायब हुए हैं। विजिलेंस जांच में 9500 कट्टे कम पाए गए थे। मुकेश गुप्ता के पास एक लाख 78 हजार 562 बैग थे, जिनमें से 9500 बैग कम निकले। उन्होंने 29 जनवरी, 30 जनवरी और 31 जनवरी को डीएफएससी को शिकायत दी थी कि गोदाम से गेहूं चोरी हो रहा है और संबंधित अधिकारियों को हटाया जाए।

#### अधिकारियों पर लापरवाही के आरोप

विकास कुमार का आरोप है कि विभाग ने उनकी शिकायत पर समय रहते कार्रवाई नहीं की और न तो उन्हें जांच में शामिल किया गया। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को भी नहीं हटाया गया। उनका कहना है कि गोदाम से गेहूं बेच दिया गया, जिससे सरकार को नुकसान हुआ।हो रहा है और संबंधित अधिकारियों को हटाया जाए।



करनाल। गांव राहड़ा में खेत से बरामद लाहन। फोटो : हरिभूमि

# अवैध शराब का भंडाफोड़ 1000 लीटर लाहन बरामद

### गांव राहड़ा के खेत के कोठे से चार ड्रम किए जब्त

- पुलिस पहुंची तो आरोपी मौके से फरार
- नमूने लेकर शेष लाहन कराया नष्ट
- आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

असंध क्षेत्र के गांव राहड़ा में पुलिस ने अवैध शराब बनाने के धंधे का पर्दाफाश करते हुए खेत में बने एक कोठे से करीब एक हजार लीटर लाहन बरामद किया है। पुलिस के पहुंचते ही आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार स्पेशल यूनिट को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गांव राढ़ा निवासी अंतरपाल उर्फ पाली पुत्र किरणपाल खेत में बने कोठे में अवैध शराब तैयार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी, लेकिन आरोपी पुलिस को देखकर भाग निकला। तलाशी के दौरान कोठे से चार प्लास्टिक ड्रम मिले, जिनमें करीब 250-250 लीटर लाहन भरा हुआ था। मौके पर एक्साइज इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा को बुलाया गया। जांच में लाहन शराब बनाने योग्य पाया गया। पुलिस ने चारों ड्रम जब्त कर प्रत्येक से एक-एक लीटर का नमूना लेकर सील किया और शेष लाहन मौके पर ही नष्ट करा दिया।

जांच में सामने आया कि आरोपी बिना किसी लाइसेंस या परमिट के अवैध शराब बनाने का कारोबार कर रहा था। थाना असंध पुलिस ने आरोपी अंतरपाल उर्फ पाली निवासी राढ़ा के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

## अंबाला: नाले से मिला बच्ची का शव नहीं हो पाई पहचान

- जीआरपी कर रही है मामले की जांच, रेलवे स्टेशन के पास से मिला था शव

**अंबाला।** अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन स्थित आरएमएस कार्यालय के नजदीक नाले से करीब 15 महीने की बच्ची का शव मिला है। राहगीर की सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को निकलवाकर कब्जे में लिया। शव को 72 घंटों तक शिनाख्त के लिए जीआरपी थाना परिसर में रखे फ्रिजर में रखवाया गया है। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम से होगा। सुबह करीब 9:30 बजे एक राहगीर ने नाले में शव पड़े होने की सूचना जीआरपी को दी। सब इंस्पेक्टर राजकुमार टीम के साथ पहुंचे। पुलिस के अनुसार बच्ची ने क्रीम रंग की टी-शर्ट और सफेद पजामी पहनी हुई थी। पानी में पड़े रहने से शव फूल चुका है। प्रारंभिक जांच में यह 2 से 3 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। जांच अधिकारी एसआई राजकुमार ने बताया कि बच्ची की पहचान के लिए जिले के सभी पुलिस थानों को सूचना भेज दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों से गुमशुदा बच्चों की जानकारी जुटाने के साथ-साथ मामले की जांच कर रही है।

# शादी के 12 दिन बाद दुल्हन फरार पहले से शादीशुदा होने का आरोप

- पहली शादी छिपाने का आरोप, आधार कार्ड में फर्जीवाड़ा, मैरिज ब्यूरो के जरिए हुई थी शादी
- दूल्हे से शादी में करीब 4 लाख रुपये खर्च करवाए गए, दुल्हन व अन्य पर केस दर्ज

**कुरुक्षेत्र।** जिले में शादी के 12 दिन बाद दुल्हन ससुराल छोड़कर चली गई। आरोप ये भी हैं कि दुल्हन की पहले से ही शादी हो रखी थी। उसने अपनी पहली शादी छिपाने के लिए आधार कार्ड में पति की जगह पिता का नाम दर्ज करवाया। सारा खेल करनाल के मैरिज ब्यूरो के रिश्ता करवाने के बाद शुरू हुआ। साथ ही शादी के एवज में दुल्हे से करीब 4 लाख रुपए खर्च करवाए गए। शादी के बाद दुल्हन माता-पिता से मिलकर वापस अपनी ससुराल आई, लेकिन 4 दिन बाद फरार हो गई। अब पिहोवा कोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने फरार दुल्हन, मैरिज ब्यूरो चलाने वाले लोग और दुल्हे की रिश्तेदार पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस्माइलाबाद इलाके के गांव के रहने वाले 34 साल के युवक ने कोर्ट में बताया कि 28 मई 2023 को उसकी शादी करनाल की लड़की से हुई थी। आरोप लगाया कि 9 जून 2023 को उसकी दुल्हन घर छोड़कर चली गई। बाद में उसे पता चला कि उस लड़की की पहले से ही राजिंद्र कुमार के साथ शादी हो चुकी थी। युवक ने आरोप लगाया कि पहली शादी छिपाने के लिए दुल्हन के आधार कार्ड में फर्जीवाड़ा किया गया। उसके पति की जगह पिता का नाम लिखवाया गया। इसके बाद उसकी दूसरी शादी कराई गई। करनाल के मैरिज ब्यूरो में काम करने वाली उसकी रिश्तेदार ने उसका रिश्ता करवाने की बात कही थी। रिश्तेदार ने भरोसा दिलाया कि उनकी ब्यूरो की फीस 3100 रुपए भरने के बाद उसका रिश्ता पक्का करवा देंगे। ब्यूरो के संचालक कई लड़के-लड़कियों की शादियां करवा चुके हैं। लड़की पसंद होने पर उनको 2 से 2.50 लाख और शादी का पूरा खर्च उठाने की बात कही गई। शिकायत के मुताबिक, आरोपी 15 मई 2023 को आरोपी उसके घर पहुंच गए। यहां शादी की बात पक्की हुई और 22 मई की तारीख तय की गई। इस दौरान अलग-अलग किस्तों में उससे 3,900 रुपए एडवांस, 40 हजार रुपए, 20 हजार रुपए, 50 हजार रुपए, डॉक्यूमेंट तैयार कराने के नाम पर 3,100 रुपए और 33 हजार रुपए लिए गए। 28 मई को उसकी करनाल की लड़की से शादी कराई गई। शादी के बाद उसकी पत्नी अपने माता-पिता से मिलने की बात कहकर चली गई। उसके बाद 5 जून को वापस ससुराल आ गई, लेकिन इसके 4 दिन बाद यानी 9 जून को घर छोड़कर चली गई। उसके बाद उसकी पत्नी लौटकर घर नहीं आई।

## पेट्रोल पंप पर डकैती, सवा लाख लूटे

- कार में सवार होकर आए थे सात बदमाश, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

**पानीपत।** पानीपत के गांव बबैल के पास स्थित इसी गांव के पूर्व सरपंच राकेश अहलावत के शिव फ्यूल नामक पेट्रोल पंप पर वीरवार की रात करीब सवा बारह बजे कार सवार सात हथियाबंद नकाबपोश बदमाश पहुंचे और उन्होंने पंप के सेल्समैन नरेश कुमार को हथियारों के बल पर बंधक बना लिया। बदमाशों ने नरेश के साथ मारपीट की और उसका मोबाइल फोन सैट फर्श पर पटक कर तोड दिया। वहीं, बदमाश, नरेश को पेट्रोल पंप के ऑफिस में ले गए और वहां सीसीटीवी कैमरों के रुख बदलकर गल्ले से करीब सवा लाख रुपए की नकदी लूट ली। डकैतों ने पंप से ही अपनी कार में पेट्रोल भरा और फरार हो गए। दूसरी ओर, नरेश ने घटना की सूचना पुलिस व पंप मालिक को दी। पुलिस ने जिला भर में नाकबंदी कर लुटेरों की तलाश की, लेकिन उनका सुराग नहीं लगा। दूसरी ओर, बदमाशों की मारपीट में घायल नरेश को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जबकि, नरेश की शिकायत पर हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

## मंगेतर ने दुष्कर्म कर विवाह से इनकार किया

- दो महिलाओं समेत पांच पर केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की

**पानीपत।** पानीपत निवासी युवती के साथ उसके दिल्ली निवासी मंगेतर जोगिंद्र ने विवाह की खरीदारी का झांसा देकर 24 अप्रैल को सोनीपत बुलाया और उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला कर उसे होटल में ले गया और वहां उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। वहीं, थाना चांदनी बाग पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि घटना के बाद उसने जोगेंद्र के माता-पिता, बहन और जीजा को पूरी बात बताई। इस पर उन्होंने यह कहकर उसे शांत करा दिया कि दोनों की शादी होने वाली है। युवती ने बताया कि उनका विवाह चार जुलाई को होना था, वहीं जोगिंद्र ने 28 मई को अचानक शादी करने से इनकार कर दिया। इसके बाद दोनों पक्षों के रिश्तेदारों की पंचायत हुई, जिसमें जोगिंद्र ने चार जुलाई को विवाह करने का भरोसा दिया, लेकिन बाद में पूरे परिवार ने विवाह करने से इंकार कर दिया। इधर, पीड़ित लड़की की शिकायत पर थाना चांदनीबाग पुलिस ने मुख्य आरोपी जोगेंद्र, इसकी मां बीरमती, पिता सतीश, बहन गीता, बहनोई पवन धीमान के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर, थाना चांदनीबाग की एसएचओ किरन ने बताया कि मंगेतर के साथ दुष्कर्म के केस की पुलिस हर पहलू को ध्यान में रख कर जांच कर रही है, पुलिस की जांच में जो भी आरोपी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### भारतीय शिक्षा दिवस पर आयुष विश्वविद्यालय में कार्यक्रम

*छात्रों से हिंदी में हस्ताक्षर करने का किया आग्रह*

# मां, मातृभूमि और मातृभाषा का सम्मान हर नागरिक का कर्तव्य : कुलपति प्रो. धीमान

- वक्ताओं ने संवाद आधारित शिक्षा व्यवस्था पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने भारतीय जीवन मूल्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को ₹मां, मातृभूमि और मातृभाषा₹ के प्रति सम्मान का भाव रखना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से हिंदी भाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने तथा अपने हस्ताक्षर भी हिंदी में करने का आग्रह किया। कहा कि मातृभाषा व्यक्ति के आत्मविश्वास और सांस्कृतिक पहचान का आधार होती है तथा उसका सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। वे आयुष विश्वविद्यालय में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा भारतीय शिक्षा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। कुलपति ने विद्यार्थियों से भारतीय संस्कृति, भाषा और ज्ञान परंपरा को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास हरियाणा प्रांत के प्रांत संरक्षक डॉ. गजराज आर्य, प्रांत अध्यक्ष डॉ. सतहंस, प्रांत संयोजक डॉ. देवी भूषण, प्रांत सह संयोजक मनोज, कार्यक्रम संयोजक डॉ. यशश चंद्र द्विवेदी, आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान की कार्यकारी प्राचार्य प्रो. सीमा रानी सहित अन्य उपस्थित रहे।



कुरुक्षेत्र। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण।

#### संवाद से ही निकलते हैं समाधान

विशिष्ट अतिथि एवं कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सार्थक संवाद और निष्पक्ष विमर्श आवश्यक है, क्योंकि समाधान संवाद से ही निकलते हैं। यदि भारत को विकसित और सशक्त राष्ट्र बनाना है तो शिक्षा व्यवस्था को भारतीय दृष्टि के अनुरूप बनाना होगा। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के क्षेत्रीय विषय संयोजक एवं मुख्य वक्ता प्रो. हितेंद्र त्यागी ने कहा कि वर्ष 2007 में गठित शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का उद्देश्य शिक्षकों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा एवं शिक्षा मूल्यों से जोड़ना है।

### गुरुकुल कुरुक्षेत्र में प्राकृतिक कृषि इंटर्नशिप का सफल समापन

*प्राकृतिक खेती के प्रचार-प्रसार का आह्वान*

# 45 विद्यार्थियों को मिला व्यावहारिक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत गुरुकुल कुरुक्षेत्र के प्राकृतिक कृषि फार्म में आयोजित एक माह की प्राकृतिक कृषि इंटर्नशिप का सफलतापूर्वक समापन हो गया। 1 जून से 30 जून तक चली इस इंटर्नशिप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के 45 विद्यार्थियों ने भाग लेकर प्राकृतिक खेती की आधुनिक एवं व्यावहारिक तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इंटर्नशिप में एमएससी बॉटनी, जूलॉजी, एनवायरनमेंटल साइंस और ज्योग्राफी के विद्यार्थियों को बीज उपचार, जीवामृत एवं घनजीवामृत निर्माण, प्राकृतिक कीट एवं रोग प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, जैव विविधता, फसल प्रबंधन सहित प्राकृतिक कृषि के विभिन्न पहलुओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। इस अवसर पर व्यवस्थापक रामनिवास आर्य, जिला उद्यान अधिकारी (डीएचओ) डॉ. शिवेन्दु प्रताप सिंह सोलंकी, डॉ. गगनदीप सिंह तथा प्रकाश जी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि राजकुमार गर्ग ने कहा कि प्राकृतिक कृषि केवल खेती की पद्धति नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, मानव स्वास्थ्य और टिकाऊ कृषि व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण आंदोलन है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने ज्ञान को किसानों और समाज तक पहुंचाकर प्राकृतिक खेती के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाएं। अतिथियों ने इंटर्नशिप सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और भविष्य में प्राकृतिक एवं टिकाऊ कृषि के क्षेत्र में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। गुरुकुल कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित यह इंटर्नशिप विद्यार्थियों को प्राकृतिक कृषि का व्यावहारिक ज्ञान उपलब्ध कराने तथा नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई।



कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते आयोजक।

## खबर संक्षेप

### नई जमाबंदी का कार्य तेज करने के निर्देश

**करनाल।** राजस्व विभाग हरियाणा द्वारा प्रत्येक पांच वर्ष बाद तैयार की जाने वाली नई जमाबंदी का कार्य जिले में तेज गति से जारी है। कार्य की प्रगति का जायजा लेने के लिए उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने शुक्रवार को जमाबंदी शाखा का औचक निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि नई जमाबंदी का कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए तथा इसकी गति और तेज की जाए। उन्होंने तहसीलदार को निर्देश दिए कि कार्य में तेजी लाने के लिए अतिरिक्त स्टाफ की व्यवस्था की जाए ताकि किसानों और आम नागरिकों को समय पर राजस्व अभिलेख उपलब्ध हो सकें।

### कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि पर जताई खुशी

**करनाल।** क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसायटी ने हरियाणा सरकार द्वारा वरिष्ठ लिपिकों को अतिरिक्त वेतनवृद्धियां देने के निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री, वित्त विभाग तथा भारतीय मजदूर संघ का आभार व्यक्त किया है। जिला प्रधान प्रदीप प्रजापति ने बताया कि वर्ष 2020 से पूर्व नियुक्त वरिष्ठ लिपिकों को तीन तथा वर्ष 2020 बैच के कर्मचारियों को दो अतिरिक्त वेतनवृद्धियां दी जाएंगी। इससे प्रदेश के हजारों कर्मचारियों को आर्थिक लाभ मिलेगा। इस अवसर पर जिला सचिव परमजीत सिंह, सहसचिव दिनेश तंवर, उपप्रधान कुलदीप, प्रदीप शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान अशोक, मोहन लाल, अक्षय पाल, शिव कश्यप, विनोद, दीपक वर्मा, सुरजीत मान तथा राज्य कार्यकारिणी सदस्य परमजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

### कल कुरुक्षेत्र में हुंकार भरेंगे ग्रामीण चौकीदार



करनाल। कर्ण पार्क में बैठक के दौरान आंदोलन की रणनीति बनाते हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा के पदाधिकारी।

**करनाल।** हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा की जिला कमेटी की बैठक कर्ण पार्क में जिला प्रधान विक्रमजीत सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव मदन कालरा ने किया। बैठक में राज्य कमेटी के आह्वान पर पांच जुलाई को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय, कुरुक्षेत्र में होने वाले प्रदेशस्तरीय प्रदर्शन को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। विक्रमजीत सिंह ने कहा कि ग्रामीण चौकीदार गांवों में 24 घंटे सेवाएं देने के बावजूद मात्र 11 हजार रुपये मासिक मानदेय पर कार्य कर रहे हैं। कई बार ज्ञापन देने के बाद भी सरकार उनकी मांगों की अनदेखी कर रही है। सभा ने मांग की कि चौकीदारों के कार्य घंटे निर्धारित किए जाएं। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष कलीराम, पूर्व राज्य प्रधान परवारा राम, जगदीश, प्रवीण कुमार, सतपाल, अजमेर, जगमाल, धर्मपाल, जाकिर हुसैन, सोहन लाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# अग्रवाल समाज ने किया भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का नागरिक अभिनंदन

- अग्रसेन भवन में सम्मान समारोह, समाज की एकजुटता और महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सेक्टर-8 स्थित अग्रसेन भवन में शुक्रवार को समस्त अग्रवाल समाज की ओर से भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक कृष्ण गर्ग रहे। अग्रवाल समाज की ओर से डॉ. अर्चना गुप्ता को पगड़ी पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के सेवा, सहयोग और समरसता के सिद्धांत आज भी समाज के लिए प्रेरणा हैं। अग्रवाल समाज देशभर में सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।


करनाल। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का पगड़ी पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान करते अग्रवाल समाज के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने महिलाओं को हमेशा सम्मान दिया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान से समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हुई है।

कार्यक्रम के संयोजक कृष्ण गर्ग ने डॉ. अर्चना गुप्ता को प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नबीन, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का समस्त अग्रवाल समाज की ओर से आभार व्यक्त किया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर मेयर रेणु बाला गुप्ता, विधायक जगमोहन आनंद, विधायक राम कुमार कश्यप, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर, कृष्ण गर्ग, अंकुर गुप्ता, बृज गर्ग, पंकज गुप्ता, विनोद गुप्ता, सुनील गुप्ता, योगेश गोयल, गगन जिंदल, विनय गोयल, राजेश बंसल, हरीश सिंगला, प्रदीप गर्ग, सतीश गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, विकास बंसल, राजेश गोयल, एस.के. गोयल, हरीश अग्रवाल, आशीष गुप्ता, देवेंद्र अग्रवाल, पंकज गर्ग, मुकेश गर्ग, मुकेश गुप्ता, शुभम गुप्ता, जितेंद्र सिंगला, रजत गर्ग, मोहित गुप्ता, अमित गर्ग व नीरज अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# घर से ही करें गीले और सूखे कचरे का पृथक्करण : सलोनी


करनाल। जागरूकता अभियान चलाती नगर निगम की आईईसी टीम।

- स्वच्छ भारत मिशन के तहत वार्डों में चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम करनाल शहर में कचरा पृथक्करण को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत व्यापक जागरूकता अभियान चला रहा है। सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) गतिविधियों के तहत टीमें प्रत्येक वार्ड में घर-घर जाकर लोगों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने के लिए प्रेरित कर रही हैं। नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने कहा कि कचरे का सही पृथक्करण पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक है। इससे खतरनाक और संक्रामक कचरे का प्रभाव कम होता है तथा सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण तैयार होता है। उन्होंने बताया कि सब्जियों के छिलके, बचा हुआ भोजन, सड़े-गले फल और चायपत्ती जैसे गीले कचरे को हरे डस्टबिन में डालना चाहिए, जिससे खाद तैयार की जा सकती है। वहीं प्लास्टिक, कागज, गत्ता, बोतल और धातु जैसी सूखी सामग्री को नीले डस्टबिन में डालने से उसका पुनर्चक्रण संभव होता है कचरा पृथक्करण से पर्यावरण प्रदूषण कम होता है, पुनर्चक्रण को बढ़ावा मिलता है, बेहतर खाद तैयार होती है।

# पुलिस भर्ती के दौरान स्टेरॉयड की अवैध बिक्री पर शिकंजा, स्टोरों पर की जांच

- चार मेडिकल स्टोरों में मिली अनियमितताएं, दो पर बिना पर्चे स्टेरॉयड बेचने का मामला पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा में चल रही पुलिस भर्ती के दौरान शारीरिक दक्षता परीक्षा में अनुचित लाभ लेने के लिए एनाबॉलिक स्टेरॉयड के संभावित दुरुपयोग की सूचनाओं के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने करनाल जिले में विशेष डिकॉय अभियान चलाया। आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन मनोज कुमार तथा राज्य औषधि नियंत्रक रिपेन मेहता के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में करनाल, नीलोखेड़ी और तरावड़ी के 17 मेडिकल स्टोरों की औचक जांच की गई।

औषधि नियंत्रण अधिकारी रितु मेहला (करनाल-2) और विकास राठी (करनाल-1) के संयुक्त नेतृत्व में सरकारी डिकॉय ग्राहकों को मेडिकल स्टोरों पर भेजा गया। जांच के दौरान जतिन मेडिकोज (हांसी रोड चौक, करनाल) और कन्हैया मेड स्टोर (वाल्मीकि मोहल्ला, तरावड़ी) पर बिना चिकित्सकीय पर्चे के एनाबॉलिक स्टेरॉयड बेचे जाने का मामला सामने आया। जतिन मेडिकोज से डेका-ड्यूराबोलिन इंजेक्शन की अवैध बिक्री पकड़ी गई, जबकि संबंधित फर्म खरीद-बिक्री का वैध रिकॉर्ड भी प्रस्तुत नहीं कर सकी। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र, करनाल तथा अभि मेडी पॉइंट, जीवन नगर में भारी मात्रा में एनाबॉलिक स्टेरॉयड का संदिग्ध स्टॉक मिला। दोनों प्रतिष्ठान इन दवाओं की खरीद-बिक्री से संबंधित आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराने में असफल रहे।


करनाल। करनाल में मेडिकल स्टोरों पर विशेष डिकॉय अभियान के दौरान जांच करती औषधि नियंत्रण विभाग की टीम।

### टेलर ने फांसी लगा की जीवन लीला समाप्त

**इंद्री।** इंद्री के नया बाजार में टेलर्ज की दुकान पर काम करने वाले टेलर इंद्री निवासी करीब 50 वर्षीय राम सिंह ने संदिग्ध परिस्थितियों में दुकान में लगे पंखे पर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली । परिजनों के अनुसार राम सिंह रात करीब एक बजे घर से आया था । सुबह परिजनों ने रामसिंह की तलाश की तो मोटरसाइकिल टेलर्ज की दुकान के नीचे खड़ी मिली। दुकान का गेट अंदर से बंद होने और रामसिंह के फोन नहीं उठाने पर परिजनों ने पीछे वाले रास्ते से ऊपर जाकर देखा तो पंखे पर फंदा लटका हुआ था और राम सिंह नीचे पड़ा हुआ था। घटना की सूचना डायल 112 व इंद्री पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे जांच अधिकारी सुभाष चंद ने बताया कि सूचना मिली थी कि नया बाजार स्थित एक टेलर्ज की दुकान पर काम करने वाले टेलर राम सिंह ने छत के पंखे से लटक कर फांसी लगा ली है। शव का पोस्टमार्टम करवा कर वारिसों को सौंप दिया है ।

# पुलिस अधिकारियों को आधुनिक डिजिटल तकनीक से परिचित कराया

- गूगल जेमिनी, चैटजीपीटी, नोटबुक एलएम सहित आधुनिक डिजिटल टूल्स के उपयोग की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पुलिस महानिरीक्षक करनाल मंडल अशोक कुमार के निर्देशानुसार मंडल कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में अनुसंधान अधिकारियों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल्स पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में छह प्रबंधक थाना और 45 अनुसंधान अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों को आधुनिक डिजिटल तकनीकों से परिचित कराना था, ताकि साइबर अपराधों की जांच, डिजिटल साक्ष्यों के विश्लेषण तथा अनुसंधान कार्यों में गूगल जेमिनी, नोटबुकएलएम, भाषिणी और चैटजीपीटी जैसे एआई टूल्स का प्रभावी उपयोग किया जा सके। प्रशिक्षण में पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पीआईईटी) के विशेषज्ञ डॉ. दीपक सिंगला, डॉ. शक्ति अरोड़ा तथा विकास नैन ने विभिन्न एआई टूल्स के उपयोग, साइबर सुरक्षा, डिजिटल अनुसंधान और सोशल मीडिया विश्लेषण से जुड़े विषयों पर जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने बताया कि एआई आधारित डिजिटल टूल्स की सहायता से साइबर अपराधों की जांच को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। साथ ही बड़ी मात्रा में सोशल मीडिया डेटा का विश्लेषण कर अपराध से जुड़े सुराग, जनभावनाओं की दिशा और संभावित खतरों की पहचान करने में भी मदद मिलेगी।


करनाल। मंडल कार्यालय में अनुसंधान अधिकारियों को एआई टूल्स के उपयोग संबंधी प्रशिक्षण देते पीआईईटी के विशेषज्ञ।

# नागरिक अस्पताल असंध में नवजात की मौत

- परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप, अस्पताल प्रशासन ने आरोपों से किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के असंध स्थित नागरिक अस्पताल में सात दिन की नवजात बच्ची की मौत के बाद विवाद खड़ा हो गया। परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों और स्टाफ पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। वहीं अस्पताल प्रशासन ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि बच्ची को अस्पताल लाए जाने से पहले ही उसकी मृत्यु हो चुकी थी तथा परिजनों को सच्चाई सामने लाने के लिए पोस्टमार्टम कराने का सुझाव दिया गया है। असंध के वार्ड नंबर-2 निवासी विक्रम ने बताया कि उसके छोटे भाई की पत्नी ने सात दिन पहले एक निजी अस्पताल में बच्ची को जन्म दिया था। बच्ची पूरी तरह स्वस्थ थी, लेकिन शुक्रवार सुबह अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई।

इसके बाद सुबह करीब आठ बजे परिजन उसे लेकर नागरिक अस्पताल पहुंचे। पर्ची बनवाने के बाद भी उन्हें काफी देर तक बाहर बैठाए रखा गया। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने कई बार अस्पताल कर्मियों और पर्ची बनाने वाले स्टाफ से डॉक्टर के बारे में पूछा, लेकिन हर बार यही कहा गया कि डॉक्टर जल्द आ जाएंगी।

### तरावड़ी में एसआईआर का कार्य जोरों पर

**तरावड़ी।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तरावड़ी नगर के वार्ड नंबर 6 में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान तेज गति से चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत बी.एल.ओ रविन्द्र द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जा रहा है। अभियान के दौरान बीएलओ पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोडने, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा मतदाताओं के विवरण में आवश्यक संशोधन करने का कार्य कर रहे हैं। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आवश्यक दस्तावेज तैयार रखें और बीएलओ को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर इस प्रक्रिया में सहयोग करें। वार्ड नंबर 6 में एस.आई.आर का कार्य व्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है।

# विधायक ने नवनियुक्त पार्षद को दिलाई शपथ

- तरावड़ी नगर पालिका में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**तरावड़ी।** आज तरावड़ी नगर पालिका में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने नगरपालिका सचिव अजीत कुमार एवं नगरपालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र बंसल की उपस्थिति में वार्ड नंबर-8, डोडवा कॉलोनी से नवनियुक्त पार्षद बीर सिंह को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद विधायक ने उन्हें जनसेवा के दायित्व का ईमानदारी, निष्पक्षता और समर्पण के साथ निर्वहन करने की शुभकामनाएं दी। इस दौरान विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने नगरपालिका अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ शहर के विकास के मुद्दों पर गहन चर्चा भी की। अपने संबोधन में विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता और प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी होता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त पार्षद बीर सिंह अपने वार्ड के विकास, स्वच्छता, मूलभूत सुविधाओं और जनसमस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य शहरों और गांवों का समान रूप से विकास करना तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

## न्यूज डायरी

### चैनत मामले में मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**करनाल।** हांसी के गांव चैनत में पेयजल समस्या को लेकर चल रहे आंदोलन के समर्थन में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने करनाल में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुम्मन ने किया। प्रदेश अध्यक्ष रतन मान के आह्वान पर पूरे हरियाणा में आंदोलन के समर्थन में प्रदर्शन और ज्ञापन दिए जा रहे हैं। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुम्मन और चेयरमैन यशपाल राणा ने कहा कि चैनत गांव में पिछले 50 दिनों से शांतिपूर्ण आंदोलन जारी है, लेकिन सरकार ने अब तक समस्या का समाधान नहीं किया। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो प्रदेशभर में आंदोलन और तेज किया जाएगा। उत्तरी हरियाणा प्रभारी मेहताब कादयान ने कहा कि सरकार को आंदोलन का समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री स्वयं गांव पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करें।

### सीईओ सिंघल ने किया श्री कृष्ण गऊशाला का दौरा


**करनाल।** राजस्थान स्थित श्री गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा के सीईओ आलोक सिंघल ने शुक्रवार को श्री कृष्ण गऊशाला का दौरा कर गौवंश चिकित्सालय और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सा केंद्र की मशीनों का अवलोकन करते हुए इसे और अधिक आधुनिक बनाने के सुझाव दिए। इस दौरान उन्होंने गौपूजन कर गायों को लड्डू और हरा चारा भी खिलाया। श्री कृष्ण गऊशाला के संरक्षक पदम सैन गुप्ता, प्रधान सुनील गुप्ता और महासचिव रामकुमार गुप्ता ने पटका पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर आलोक सिंघल का स्वागत किया। श्री गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा में पहली बार 29 जुलाई से 26 सितंबर तक चातुर्मास महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर संरक्षक पदम सैन गुप्ता, प्रधान सुनील गुप्ता, महासचिव रामकुमार गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष एस.के. गोयल, प्रबंधक दुलिया राम शर्मा, महाप्रबंधक गुरदयाल अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, अजय सैनी, घनश्याम गोयल, सुभाष गुप्ता तथा अरुण बंसल मौजूद रहे।

### अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली सहकारिता की शपथ

**करनाल।** सहकारिता मंत्रालय के पांचवें स्थापना दिवस के अवसर पर करनाल सहकारी चीनी मिल परिसर में 6 जुलाई तक सहकारिता सप्ताह मनाया जा रहा है। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक अदिति ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सहकारिता की शपथ दिलाई तथा /"सहकार से समृद्धि/" के संकल्प को साकार करने का आह्वान किया। शपथ ग्रहण के बाद मिल परिसर में व्यापक पौधारोपण अभियान चलाया गया। प्रबंध निदेशक ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधे लगाए।

## अधिकारियों को 59 मामलों की समीक्षा कर दिए निर्देश

# सीएम घोषणाओं के लंबित कार्यों में तेजी लाएं: डीसी

- जिले में 186 मुख्यमंत्री घोषणाओं में से 127 कार्य प्रगति पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तेजी से पूरा कराया जाए। उन्होंने लंबित कार्यों की स्थिति रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि मुख्यालय स्तर पर आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त कर कार्यों में तेजी लाई जा सके।

शुक्रवार को लघु सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जिले में कुल 186 मुख्यमंत्री घोषणाओं में से 127 कार्य प्रगति पर हैं, जबकि 59 कार्य प्रशासनिक स्वीकृति, न्यायालयीन मामलों अथवा अन्य कारणों से लंबित हैं।

लंबित मामलों का विभागीय पत्राचार उपायुक्त कार्यालय में उपलब्ध कराया जाए ताकि उच्च अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर समाधान कराया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि किसी गांव में भूमि उपलब्ध नहीं है तो आसपास के गांव में वैकल्पिक भूमि तलाश की जाए तथा जो कार्य संभव नहीं हैं, उनकी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाए। बैठक में पंचायत, स्वास्थ्य, सिंचाई, लोक निर्माण, शिक्षा, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण, खेल, नगर पालिका घरौंडा, इंद्री, असंध, परिवहन, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मेडिकल शिक्षा तथा सैनिक स्कूल कुंजपुरा से जुड़े अधिकारियों को लंबित घोषणाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एडीसी डॉ. राहुल रईया, एसीयूटी सोहम शैलेंद्र, सीटीएम सुरेश कुमार, डीडीपीओ कंचनलता, जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



करनाल। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा।

### गणना प्रपत्र संबंधित बीएलओ को उपलब्ध करवाएं

**करनाल।** उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) के दौरान ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें एक ही परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग मतदान केंद्रों की मतदाता सूची में दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा कई बार एक ही सेक्टर या कॉलोनी के अलग-अलग मतदान केंद्रों में विभाजन होने के कारण होता है। उन्होंने बताया कि संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित कर उन्हें भरवाएंगे और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उनका डिजिटाइजेशन करेंगे। सभी पात्र मतदाता अपना गणना प्रपत्र संबंधित बीएलओ को अवश्य उपलब्ध कराएं।

### एलआईसी योग कक्षा ने पूरे किए 11 वर्ष

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत संचालित एलआईसी योग कक्षा के 11 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य शिक्षक दिनेश गुलाटी ने योग शिक्षिकाओं राधिका भाटिया और कोमल कंबोज को शुभकामनाएं दीं तथा केक काटकर योग साधकों के साथ इस उपलब्धि का उत्सव मनाया।

पिछले 11 वर्षों से यह योग कक्षा निरंतर संचालित हो रही है और बड़ी संख्या में लोग नियमित योग कर स्वस्थ जीवनशैली अपना रहे हैं। उन्होंने योगिक क्रियाओं और प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए बताया कि नियमित योग से तनाव कम होता है, मानसिक शांति मिलती है तथा मोटापा, उच्च रक्तचाप और अन्य जीवनशैली संबंधी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने सभी लोगों से नियमित योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

## खबर संक्षेप

### एमएएसएसडी स्कूल में छात्रों ने कविता पाठ किया

**पानीपत।** एमएएसएसडी पब्लिक स्कूल में कक्षा तीसरी से लेकर कक्षा पांचवी तक के विद्यार्थियों के मध्य अंग्रेजी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कविता का शीर्षक था पेड़ हमारे हरे दोस्त। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ बबीता भारद्वाज, देवांगना वोहरा, राखी गुप्ता, विराट पांचाल, ऋषिका आदि उपस्थित रहे।

### कश्यप समाज का जिला स्तरीय सम्मेलन कल

**पानीपत।** पानीपत में पांच जुलाई को कश्यप महापंचायत हरियाणा के तत्वावधान में कश्यप समाज का जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष एडवोकेट राजपाल कश्यप ने बताया कि सनौली रोड पुरानी सब्जी मंडी स्थित कश्यप धर्मशाला में यह सम्मेलन आयोजित होगा।

### पीएम स्वनिधि योजना को लेकर समीक्षा बैठक

**पानीपत।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लंबित मामलों की समीक्षा को लेकर शुक्रवार को जिला सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नगराधीश टीनू पोसवाल ने की। इस दौरान विभिन्न बैंकों के अधिकारियों को योजना के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने तथा पात्र लाभार्थियों को समय पर योजना का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। स्मरणीय है कि यह योजना छोटे रेहड़ी-पटरी एवं फुटपाथ विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाने की एक महत्वपूर्ण योजना है। ऐसे में किसी भी पात्र व्यक्ति को केवल प्रक्रियात्मक देरी के कारण योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए।

### डीसी ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

**पानीपत।** पानीपत जिला में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को और अधिक प्रभावी एवं गति देने के उद्देश्य से उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. हरीश वशिष्ठ ने शुक्रवार को जिला सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अभियान की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी आमंत्रित किए तथा सभी दलों से सक्रिय सहयोग की अपील की। डीसी डॉ हरीश ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती का आधार शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित मतदाता सूची है। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो तथा अपात्र या त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों का समयबद्ध निराकरण किया जाए।

### पेंडेंसी खत्म करने के निर्देश दिए

**पानीपत।** हरियाणा सरकार के अभिलेखागार विभाग के आयुक्त एवं सचिव साकेत कुमार, की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पानीपत प्रशासन के अधिकारियों के साथ समाधान प्रकोष्ठ, सीएम विंडो, जन संवाद, सीपी ग्राम तथा जनता समाधान शिविर से संबंधित लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई। बैठक के उपरांत जिला सचिवालय सभागार में उपायुक्त डॉ हरीश कुमार वशिष्ठ ने जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर लंबित मामलों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

### भारतीय मानक ब्यूरो ने अफसरों को ट्रेनिंग दी

**पानीपत।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के हरियाणा शाखा कार्यालय ने जिला प्रशासन के सहयोग से शुक्रवार को जिला सचिवालय में बीआईएस गतिविधियां, भारतीय मानक एवं ऑनलाइन सेवाएं विषय पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारियों को भारतीय मानकों के महत्व से अवगत कराना तथा सरकारी कार्यों में गुणवत्ता, सुरक्षा और पारदर्शिता को बढ़ावा देना रहा। बैठक में उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ समेत एडीसी अंकित चौकसे सहित विभिन्न विभागों के तीस जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया।

---

## मानसून में जलभराव रोकने को लेकर प्रशासन अलर्ट

# सभी कमजोर तटबंधों को तत्काल मजबूत करें : डीसी

**डीसी ने यमुना किनारे सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** यमुना नदी का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ व अन्य अधिकारी।

मानसून के दौरान संभावित बाढ़ के खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने शुक्रवार सुबह विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ यमुना नदी से सटे संवेदनशील क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने रिंग बंधों, तटबंधों, ड्रेनों, पुलों तथा अन्य बाढ़ सुरक्षा कार्यों की मौके पर जाकर समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं, उपायुक्त डॉ. हरीश ने गांव राणा माजरा, पत्थरगढ़, शमशाबाद, नवादा सहित यमुना किनारे स्थित विभिन्न गांवों में पहुंचकर तटबंधों की मजबूती, चल रहे कार्यों तथा संभावित कमजोर स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां कहीं भी तटबंध कमजोर हैं, वहां तत्काल मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कराया जाए ताकि किसी भी संभावित बाढ़ की स्थिति में जनधन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने ड्रेन-8 की सफाई भी जांची। उन्होंने यमुना क्षेत्र में अवैध खनन पर पूर्ण रोक लगाने के निर्देश दिए। वहीं, उपायुक्त ने यमुना किनारे बसे गांवों के ग्रामीणों व क्षेत्र की सामूहिक समस्याओं की जानकारी लेकर संबंधी विभागों को उनके हल के निर्देश दिए। दूसरी ओर, डीसी डॉ हरीश ने पानीपत में संजय चौक, खादी आश्रम, हुडा सेक्टर-25 क्षेत्र की प्रमुख ड्रेन का निरीक्षण कर सफाई कार्यों की समीक्षा की।

### प्रदूषण नियंत्रण के नियमों की पालना हो

**पानीपत।** जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में शुक्रवार को उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने इंडस्ट्री एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की। बैठक में कई स्थानों पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित करने सहित प्रदूषण नियंत्रण के प्रभावी उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त ने उद्योग प्रतिनिधियों से रचनात्मक सुझाव भी आमंत्रित किए। इधर, डीसी डॉ वशिष्ठ ने कहा कि यमुना हमारी अमूल्य प्राकृतिक धरोहर है और इसे स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। औद्योगिक विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ चलें, इसके लिए सभी उद्योगों को प्रदूषण नियंत्रण के निर्धारित मानकों का पूर्ण पालन करना होगा। जहां आवश्यकता हो वहां एसटीपी की स्थापना सुनिश्चित की जाए, ताकि बिना शोधन के कोई भी अपशिष्ट जल यमुना में न पहुंचे। प्रशासन इस दिशा में उद्योगों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करेगा और पर्यावरण संरक्षण के हर आवश्यक कदम को प्राथमिकता देगा। उन्होंने बताया कि सभी उद्योगों के सहयोग से ही स्वच्छ एवं निर्मल यमुना का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उपायुक्त ने सभी औद्योगिक संगठन से विशेष गहन पुनरीक्षण में ज्यादा से ज्यादा सहयोग देने की अपील की।

---

## बीमार व बेसहारा गोवंश के लिए हरे चारे की सेवा की

# गोसेवा मानवता, करुणा और संवेदनशीलता का प्रतीक : बंसल

**बेसहारा गोवंश की सेवा को प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व : जोगिन्दर कुंडू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** वृंदावन ट्रस्ट के पदाधिकारी गोवंश को चारा खिलाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

वृंदावन ट्रस्ट के पदाधिकारियों व सदस्यों ने बेसहारा गोवंश उपचार सेवा ट्रस्ट गोशाला पहुंचकर बीमार व बेसहारा गोवंश के लिए हरे चारे की सेवा की और उपचाराधीन गौवंश का हालचाल जाना। महासचिव हरीश बंसल ने कहा कि गोसेवा मानवता, करुणा व संवेदनशीलता का प्रतीक है तथा समाज के सक्षम लोगों को गोशालाओं में समय.समय पर सहयोग करना चाहिए। कोषाध्यक्ष नवीन गर्ग ने गोशाला में बीमार व घायल गोवंश की समर्पित सेवा की सराहना की। संजय शाल वाले ने कहा कि गौसेवा हमारी संस्कृति और संस्कारों की पहचान है। बलदेव गांधी ने जीवों पर दया को सबसे बड़ा धर्म बताते हुए गोसेवा से आत्मिक संतोष मिलने की बात कही। जोगिन्दर कुंडू ने बेसहारा गोवंश की सेवा को प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व बताया। इस अवसर पर गोशाला के प्रधान सुभाष समेत बडी संख्या में गोभक्त उपस्थित रहे।

### फ्लिपकार्ट गॉट सेल में एआई प्लस स्मार्टफोन के खास ऑफर्स

पानीपत। एआई प्लस स्मार्टफोन ने फ्लिपकार्ट की बहुप्रतीक्षित गॉट सेल के लिए अपने स्मार्टफोन्स और एआईओटी प्रोडक्ट्स पर आकर्षक ऑफर्स का ऐलान किया है। फ्लिपकार्ट प्लस ग्राहकों को तीन जुलाई से सेल का अर्ली एक्सेस मिलेगा, जबकि चार जुलाई से यह सेल सभी ग्राहकों के लिए शुरू होगी। इस बार की गॉट सेल में सबसे बड़ा आकर्षण एआई प्लस पल्स टू है। जिसे अब तक की सबसे कम 8,999 रुपए की विशेष कीमत पर खरीदा जा सकेगा। इसके अलावा नोवा सीरीज, वेयरेबल्स, ऑडियो प्रोडक्ट्स और टैबलेट्स पर भी कई शानदार ऑफर्स मिलेंगे। इस पेशकश के बारे में बात करते हुएए एआई प्लस स्मार्टफोन के सीईओ और एनएक्सटीक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीस के संस्थापक माधव शेठ ने कहा हमारे प्रोडक्ट्स की रेंज लगातार बढ़ रही है और हमारा प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा ग्राहक स्मार्टफोन्स और कनेक्टेड डिवाइसेस के जरिए एआई प्लस इकोसिस्टम का अनुभव कर सकें।

### निजी स्कूलों में फ्री प्रवेश का द्वितीय चरण शुरू

**पानीपत।** हरियाणा सरकार के मौलिक शिक्षा निदेशालय ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम.2009 के तहत निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर निःशुल्क प्रवेश के लिए द्वितीय चरण की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के पात्र अभिभावक 6 जुलाई 6 रात्रि 11:59 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश कम्प्यूटरीकृत लॉटरी प्रणाली के माध्यम से होगा। 360ए दृष्टि सेवा समाधान मिशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष सोकेन्द्र बालियान ने पात्र परिवारों से समय रहते आवेदन करने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना सरकार, शिक्षा विभाग और समाज की साझा जिम्मेदारी है। आवेदन प्रक्रिया संबंधी सहायता के लिए अभिभावक उनसे संपर्क कर सकते हैं।

---

## संजीव गुप्ता ने संभाली रोटरी मिड टाउन क्लब की कमान

- सेवा परियोजनाओं के साथ रोटरी वर्ष 2026-27 का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** रोटरी मिडटाउन क्लब की नवनियुक्त टीम, अतिथियों के साथ।

सेवा ही सर्वोपरि के संदेश को आगे बढ़ाते हुए रोटरी मिडटाउन क्लब, पानीपत ने रोटरी वर्ष 2026-27 की शुरुआत समाज सेवा और जनहित के कार्यों के संकल्प के साथ की। इस वर्ष क्लब का थीम स्थायी प्रभाव छोड़ें व सेवा करें, प्रेरित करें और बदलाव लाएं रखा गया है, जिसके तहत पूरे वर्ष विभिन्न सेवा परियोजनाओं के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाई जाएगी। वहीं, क्लब के नवनियुक्त प्रधान रोटेरियन संजीव गुप्ता ने बताया कि रोटरी मिडटाउन क्लब का उद्देश्य केवल सेवा कार्य करना ही नहीं, बल्कि समाज में स्थायी और सकारात्मक बदलाव लाना भी है।

कार्यक्रम में विधायक प्रमोद विज, रोटेरियन रणजीत भाटिया, अश्विनी नारंग, अमित दुआ, नितेश डावर, पंकज अनेजा आदि ने संजीव गुप्ता को अध्यक्ष पद का कॉलर व रोटेरियन गुरमीत सिंह दुआ को सचिव पद की पिन पहनाकर नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

### एसआईआर में भाग ले सकते हैं विदेशों में रह रहे परिवार

**पानीपत।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान पूरी गति से चलाया जा रहा है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. हरीश वशिष्ठ ने शुक्रवार को जिला सचिवालय में आयोजित मीडिया सम्मेलन में बताया कि जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में अभियान के तहत सभी बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) को प्रशिक्षण देकर सत्यापन का कार्य कराया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करना तथा मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है।

## विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में नशे से दूर रहने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** राजकीय स्कूल, बडौली के विद्यार्थी अपनी पेंटिंस से नशे के विरूद्ध संदेश देते हुए। फोटो : हरिभूमि

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बड़ौली में जागरूकता सप्ताह के तहत शुक्रवार को पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता हुई। जिसमें विद्यार्थियों ने नशे के दुष्प्रभाव को चित्रात्मक रूप में रंगों के माध्यम से प्रदर्शित किया। प्रतियोगिता का आयोजन ललित कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक और कला सहायक विष्णु कुमार ने किया। विद्यालय के जागरूकता कार्यक्रम के नोडल इंचार्ज और हिंदी प्राध्यापक रवींद्र सिंह ने नशे की लत से शरीर, समाज आदि को होने वाले नुकसान की विस्तार से जानकारी दी। इधर, प्रदीप मलिक ने बताया कि प्रतियोगिता में नेहा रानी व आरती कक्षा बारहवीं प्रथम, नवप्रीत कौर कक्षा बारहवीं व लक्ष्मी ग्यारहवीं ने द्वितीय, ख़ुशी शर्मा व कक्षा ग्यारहवीं, गुंजन कक्षा बारहवीं व राखी कक्षा बारहवीं ने तृतीय और सिमरन कक्षा नौवीं, आस्था कक्षा बारहवीं, साक्षी कक्षा बारहवीं, आर्यन कक्षा ग्यारहवीं और तनीषा कक्षा दसवीं को सांत्वना पुरस्कार मिला।

---

## सेवानिवृत्ति पर 100 फीट ऊंची हाइड्रा क्रेन में घर आया सेवादार

- सेवादार ने अपने रिटायरमेंट को यादगार बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में 23 साल तक सेवादार के पद पर नौकरी करने वाले 58 वर्षीय महाबीर बांगड़ ने अपने रिटायरमेंट को यादगार बनाया। वहीं, महाबीर, सेवानिवृत्ति के बाद करीब सौ फुट उंची हाइड्रा क्रेन की बूम पर सवार होकर अपने गांव कवि पहुंचे। वहीं, फूलों और रंग-बिरंगी चुन्नियों से सजी क्रेन को देखने के लिए रास्ते में लोगों की भीड़ जुट गई। महाबीर के आगे उसके मित्र, रिश्तेदार, परिजन थार, स्कॉर्पियो समेत कई गाड़ियों का काफिला चल रहा था। साथ ही चल रहे डीजे पर रिश्तेदार दोस्त आदि डांस करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जबकि रास्ते में बड़ी संख्या में लोगों ने रुककर इस अनोखी विदाई के वीडियो और फोटो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड किए।

## लायंस क्लब के प्रधान बने मनोज सिंगला



**पानीपत।** श्री देवी मंदिर में पूजन को पहुंची लायंस क्लब पानीपत की नई टीम। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

लायंस क्लब पानीपत के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मनोज कुमार सिंगला को दी गई है। वहीं प्रधान पद ग्रहण करने के बाद मनोज सिंगला अपनी टीम के साथ ने प्राचीन सिद्ध देवी मंदिर में पहुंचे और पूजन कर माता रानी से देश में खुशहाली और समृद्धि की कामना की। वहीं, सिंगला ने अपनी टीम के साथ मंदिर परिसर में जरूरतमंद लोगों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया। दूसरी ओर, मनोज सिंगला ने पंद्रह जुलाई तक चलने वाले ऑर्थोपेडिक कैंप का भी शुभारंभ किया। वहीं, इस कैंप में जरूरतमंद नागरिक अपना उपचार निःशुल्क करवा सकता है। इस अवसर पर पूर्व डिस्ट्रीक गर्वनर विनय गर्ग, अतुल मित्तल, नरेश सिंगला, नवीन गुप्ता, राजेश परूथी व गौतम मेहरा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## चाचा का हत्यारोपी पकड़ा दो दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हुडा सेक्टर 13/17 पुलिस ने गांव खोतपुरा के डेरा मन्चुरी में सुशील की हत्या करने के आरोपी डेरा मन्चुरी खोतपुरा निवासी अभिषेक उर्फ बंदर को गिरफ्तार किया है। थानेदार दलबीर ने बताया कि अभिषेक ने रिश्ते में चाचा लगने वाले सुशील की हत्या करना स्वीकारा है। वहीं, पुलिस ने सुनील हत्याकांड की पूरी जानकारी लेने के लिए अभिषेक को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। वहीं, सुशील की हत्या के आरोप में मृतक की पत्नी कविता की शिकायत पर केस दर्ज है।

### नशा तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए-टू पुलिस ने समालखा क्षेत्र में 252.70 ग्राम हेरोइन के साथ तस्कर मोहित उर्फ मंगलू पुत्र जगदीश निवासी गांव मुरथल खास जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि मोहित पर थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है। वहीं आरोपी को कोर्ट से तीन दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ करने के साथ नशा सप्लायर के ठीकानों का पता लगा काबू करने का प्रयास करेगी।

---

## आर्य कॉलेज में एमओयू हस्ताक्षर व प्रमाण-पत्र वितरण समारोह

# भारत को विकसित करने की राह है विकास कौशल: प्रो.गुप्ता

*पौधे भेंट कर किया कार्यक्रम में पहुंचने वाले अतिथियों का स्वागत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** आर्य कॉलेज में एमओयू व प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का दीप जला कर शुभारंभ करते हुए अतिथि।

आर्य पी.जी. कॉलेज में विभिन्न संस्थाओं के साथ सहमति ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षर समारोह एवं प्रमाण-पत्र वितरण समारोह हुआ। वहीं, प्राचार्य प्रो. (डॉ.) जगदीश गुप्ता ने अतिथियों को पौधे भेंट कर उनका स्वागत करते हुए कहा कि समारोह के सात प्रतिष्ठित बिल्डिंग ब्राइट जेनेरेसन वेल्फेयर सोसाइटी, देहरादून सीए पानीपत ब्रांच एनआईआरसी प्रेप एन गैन, टाई इनएचआर सुपोर्ट एलएलपीएचए एमबीसन अकादमी एस सहित कुल सात संस्थाओं के साथ सहमति ज्ञापनों एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इन एमओयू का उद्देश्य विद्यार्थियों को इंटर्नशिप, कौशल विकास, अनुसंधान, फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम्स, कार्यशालाओं, सेमिनारों, करियर मार्गदर्शन, प्लेसमेंट सहायता तथा उद्योग-अकादमिक सहयोग के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।

### इंटर्नशिप की उपयोगिता की जानकारी दी

डॉ गुप्ता ने विश्वास व्यक्त किया कि ये साझेदारियां राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के उद्देश्यों के अनुरूप विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं रोजगार क्षमता को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि ऐसे सहयोगात्मक समझौते विद्यार्थियों को उद्योग, शिक्षा और समाज के साथ जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेंगे तथा उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वहीं, मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) अलका सूरी ने कहा कि वर्तमान समय में शैक्षणिक संस्थानों को उद्योग एवं सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक शिक्षण, इंटर्नशिप एवं अनुसंधान के अवसर उपलब्ध कराने चाहिए। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि प्रो. (डॉ.) सुमनजीत सिंह, दिल्ली विश्वविद्यालय ने मार्गदर्शन दिया। प्रो. पंकज चौधरी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में एमओयू एवं इंटर्नशिप की उपयोगिता की जानकारी दी। जबकि सीए पानीपत ब्रांच एनआईआरसी के अध्यक्ष सीए भूपेंद्र दीक्षित ने विद्यार्थियों को चार्टर्ड अकाउंटेंसी, वित्तीय साक्षरता, व्यावसायिक नैतिकता एवं करियर निर्माण से संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रेप एन गैन की निदेशक डॉ. रंजू ग्रोवर, एच आई सी के सेंटर हेड बिजेन्द्र, अंबियसन लाइब्रेरी ऑफ एकेडमी की सेंटर हेड सुश्री मोनी सिंधु, आर्य कॉलेज की उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह, डॉ. रजनी शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

### पुलिस अधिकारियों ने ली एआई टूल्स की ट्रेनिंग

**पानीपत।** पानीपत पुलिस के अनुसंधान अधिकारियों को आधुनिक तकनीक के प्रयोग के प्रति दक्ष बनाने की दिशा में करनाल मंडल कार्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित आधुनिक डिजिटल टूल्स विशेष ट्रेनिंग दी गई। इस ट्रेनिंग का आयोजन आईजी करनाल रेंज अशोक कुमार की देखरेख में पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के विशेषज्ञों डॉ. दीपक सिंगला, डॉ. शक्ति अरोड़ा, विकास नैन ने पुलिस अधिकारियों को एआई टूल्स के माध्यम से साइबर अपराधों की जांच, डिजिटल दस्तावेजों के विश्लेषण, ऑनलाइन डाटा की छंटनी, सोशल मीडिया गतिविधियों के अध्ययन तथा सूचना प्रबंधन के आधुनिक तरीकों की ट्रेनिंग दी।

# हर जोर-जुल्म की टक्कर में... विज तुम्हारा है

## प्रदर्शनकारी बिजली कर्मचारियों के बीच पहुंचे ऊर्जा मंत्री का गजब अंदाज, खुद लगवाए मुर्दाबाद के नारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ऊर्जा मंत्री अनिल विज शुक्रवार को प्रदेशभर से अंबाला छावनी में जुटे हजारों प्रदर्शनकारी बिजली कर्मचारियों के बीच पहुंच गए। इसके बाद पूरा माहौल ही बदल गया। विज खुद ज्ञापन कर्मचारियों के बीच ज्ञापन लेने पहुंच गए और उन्होंने न सिर्फ कर्मचारियों से बातचीत की बल्कि मंच से उनके नारों में अपना नाम भी जोड़ा। वे अपने बेबाक अंदाज के लिए प्रसिद्ध हैं। उनके आवास के समक्ष प्रदर्शन कर रहे एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के कर्मचारी प्रदर्शन कर रहे थे। देर शाम अपने आवास पहुंचे मंत्री अनिल विज अपनी गाड़ी से उतर सीधा कर्मचारियों के बीच पहुंचे। उनके आने आते ही माहौल एकदम बदल गया। मंत्री खुद ज्ञापन लेने उन कर्मचारियों के बीच पहुंचे। इस दौरान मंत्री ने कर्मचारियों से कहा की मैं खुद ज्ञापन लेने आपके बीच आ गया। जब मैं यहां पहुंचा तो आप नारा लगा रहे थे, 'हर जोर जुल्म की टक्कर मे संघर्ष हमारा नारा है, इसमें अब आप एक लाइन और जोड़ दो कि, "हर जोर जुल्म की टक्कर मे संघर्ष हमारा नारा है और "अनिल विज तुम्हारा है"। प्रदेश भर से इकट्ठा हुए सैकड़ों कर्मचारियों के बीच पहुंच कर ज्ञापन लेने के बाद विज ने मंच से बिजली कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि उनकी जो मांगे हैं उस पर कार्रवाई के लिए आगामी दिनों में यूनियन पदाधिकारियों और विभागीय अधिकारियों की संयुक्त बैठक बुलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह बैठक कुछ दिन बाद होगी क्योंकि उनके भाई अभी पीजीआई चंडीगढ़ में दाखिल हैं। उनके ईलाज के बाद जल्द बैठक होगी। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कर्मचारियों के अलाउंस की मांग पर कहा कि उन्होंने अपने दफ्तर के अधिकारियों को उक्त फाइल बनाने के लिए कह भी दिया है जिसपर कार्रवाई होगी।



अंबाला। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते मंत्री अनिल विज।

### खास बातें

- ऊर्जा मंत्री अनिल विज अंबाला छावनी में अपने आवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे बिजली कर्मचारियों के बीच स्वयं ज्ञापन लेने पहुंचे
- विज ने कर्मियों से संवाद करते हुए उनके नारे में अपना नाम जोड़ने का सुझाव दिया
- प्रदर्शन में प्रदेशभर से 5,000 से अधिक बिजली कर्मचारी शामिल हुए

### करीब पांच हजार कर्मचारी जुटे

मंत्री अनिल विज के आवास को घेरने के लिए बिजली निगम के 5 हजार से ज्यादा कर्मचारी यहां जुटे थे। सड़क से लेकर मंत्री विज के आवास तक करीब एक किलोमीटर तक कर्मचारी ही कर्मचारी दिखाई दे रहे थे जिससे दो स्टेट हाईवे जाम हो गए। कर्मचारियों के बीच पहुंचकर मंत्री ने खुद अपने खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगवाए। वे कर्मचारियों से बोले- आप मेरे मुर्दाबाद के नारे लगा रहे थे। एक बार दोबारा लगाओ, मजा आ रहा। विज ने ज्ञापन लेकर कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि जल्द इन मांगों को लेकर यूनियन और अफसरों की बैठक करवाई जाएगी।

### कर्मचारियों ने रखी ये मांगें

हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्ज यूनियन के राज्य प्रधान इकबाल चंदाना ने बताया कि यह प्रदर्शन सरकार की नीतियों के खिलाफ था। उनकी मांग है कि पुरानी पेंशन बहाल की जाए। जोखिम भत्ता (रिस्क अलाउंस) सभी कर्मचारियों को दिया जाए। जो कर्मचारी अपने घर से दूर काम कर रहे हैं, उनको होम सर्कल की सुविधा मिले। ऑनलाइन ट्रांसफर नीति समाप्त की जाए। इसके अलावा हरियाणा कौशल रोजगार निगम के साथियों को समान काम, समान वेतन की फैसिलिटी मिले। इन साथियों को पक्का भी किया जाए। इंटर यूटिलिटी की सुविधा लागू की जाए। यूनियन की चेतावनी है कि यदि मांगें जल्द पूरी नहीं की गईं, तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। अब कर्मचारियों के धैर्य की परीक्षा लेना सरकार को भारी पड़ेगा। राज्य उपप्रधान राजकुमार सैहला ने बताया कि यदि मांगें न मानी तो 20 अगस्त को चंडीगढ़ में सीएम आवास का घेराव करेंगे। इसके बाद भी अगर मांगें नहीं मानी तो 29 व 30 सितंबर को दो दिन की राज्यव्यापी हड़ताल की जाएगी।

# भाजपा संस्थापक की जयंती पर होगा प्रदेशस्तरीय समारोह, मंत्री नड्डा आएंगे

## छह जुलाई को सुभाष पार्क के समक्ष प्रातः 9 बजे आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, प्रदेशाध्यक्ष और अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे

- तैयारियों को लेकर ऊर्जा मंत्री ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि आगामी छह जुलाई को प्रातः 9 बजे अंबाला छावनी में सुभाष पार्क के समक्ष हमारे संगठन के जन्मदाता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर प्रदेशस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इसमें मुख्य वक्ता के तौर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री व भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता एवं प्रदेश से अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे।

विज शुक्रवार को अंबाला छावनी के बीपीएस प्लेनेटेरियम में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बड़ी संख्या में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी हमारे संगठन के जन्मदाता हैं जोकि यहां आए थे। उन्होंने ही जनसंघ बनाया और जनसंघ ही बाद में जनता पार्टी बनी और जनता पार्टी से ही भारतीय जनता पार्टी बनी।

विज ने कहा कि अंबाला छावनी को केंद्र सरकार ने इस अभियान का प्रमुख केंद्र बनाने का निर्णय लिया है। दिल्ली से कश्मीर यात्रा के दौरान डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रदेश में केवल अंबाला छावनी में ही उतरे थे। यहां उन्होंने जनसभा की थी, इसलिए छह जुलाई उनकी जयंती के दिन बड़े स्तर पर जयंती मनाना तय किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेशस्तरीय यह कार्यक्रम प्रातः 9 बजे प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम में उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया।



### एक देश, एक संविधान का दिया संदेश

बैठक के दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने प्रबंधों को लेकर भी कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि हमारी पार्टी के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जो पहली सरकार में उद्योग मंत्री थे। मगर उन्होंने कांग्रेस के रंग-ढंग देखकर उनसे अलग होकर अलग पार्टी बनाए जाने की जरूरत महसूस की और उन्होंने जनसंघ की स्थापना की। दीन दयाल उपाध्याय जी राष्ट्रवादी थे जोकि उनके साथ थे और वह हिंदुस्तान की संस्कृति को आगे बढ़ाना चाहते थे। विभाजन के समय जो कश्मीर में अनुछेद 370 लगाया गया जिसके वह विरोधी थे। एक देश में दो प्रधान, दो विधान, दो निशान नहीं रहेंगे यह नारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने दिया था। विज ने बताया कि उस समय कश्मीर में जाने के लिए वहां की सरकार से परमिट लेना पड़ता था मगर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि वह बिना परमिट लिए जाएंगे क्योंकि कश्मीर मेरे दिश का अभिन्न अंग है और वह कश्मीर तक जाएंगे। उन्होंने दिल्ली से अपनी यात्रा रेलगाड़ी से आरंभ की। इसके बाद वह अंबाला छावनी में उतरे थे। अंबाला शुरू से राष्ट्रवादियों का शहर माना जाता था। यहां अनाज मंडी में उन्होंने जनसभा भी करी थी। इसके बाद वह कुछ कार्यकर्ताओं के घर भी गए थे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा किॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती छह जुलाई को अम्बाला छावनी में पूरे जोश के साथ मनाई जाएगी और इसके लिए आज बड़ी संख्या में कार्यकर्ता इकट्ठा हुए हैं। उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने उस समय नारा दिया था कि एक देश में दो प्रधान, दो निशान और दो संविधान नहीं रहेंगे क्योंकि उस समय कांग्रेस की सरकार ने कश्मीर में अलग संविधान बनाकर अलग दर्जा दिया था अनुच्छेद 370 लगाकर।

### खबर संक्षेप

#### 10 को मंत्री बेदी लेंगे मीटिंग

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 10 जुलाई 2026 को दोपहर 12 बजे पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अन्तयोदय (एसईडब्लयूए) सत्कार, वास्तुकला मंत्री कृष्ण कुमार बेदी की अध्यक्षता में होगी। उन्होंने बताया कि सभी विभागाध्यक्ष व जिला लोक संपर्क कष्ट निवारण समिति के गैर सरकारी सदस्य निश्चित तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि मीटिंग में रखना जाने वाला एजेंडा भी तैयार हो चुका है।

#### समाधान सुनिश्चित करें अधिकारी

**अंबाला।** अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने कहा कि जनसेवा प्रशासन का मूल उद्देश्य है और प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। सभी अधिकारी सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पंहुचे इसके लिए बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें। अतिरिक्त उपायुक्त आज समाधान शिविरों की शिकायतों के निपटान को लेकर उपायुक्त कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहें थे। इस दौरान उन्होंने आई शिकायतों व उनके समाधान को लेकर भी अधिकारियों से बातचीत की।

## शमशान घाट मे मृतक महिला की अस्थियों से छेड़छाड़

**बराड़ा।** बराड़ा स्थित दहिया माजरा रोड पर शमशान घाट मे गत 1जुलाई को एक महिला के दाह संस्कार स्थल से उसकी अस्थियों की चोरी कर ली गई। मृतका के बेटे ने तांत्रिक क्रिया की आशंका जताते हुए शमशान घाट समिति से इसकी जांच की मांग की है। बराड़ा वासी विनय कुमार ने बताया की बीती 1 जुलाई की उसकी 52 वर्षीय माता शकुंतला देवी का निधन हो गया था। उसी दिन शाम को जब वाह लोग चिता देखने गए तब वह सुरक्षित थी। आज जब फूल चुगने के लिए वह शमशान घाट मे पंहुचे तो देखा की चिता की राख इकठ्ठा कर दी गयी है और उसमे से कई अस्थियां चोरी कर ली गई हैं। इस बारे जब उन्होंने पंडित जी से पुछा तो उसने और सफाई कर्मी ने अनभिज्ञता जाहिर की। बाद मे पंडित जी ने कहा की गेट का ताला टुटा हुआ था। मृतका के पति ने भी अस्थियां चोरी किये जाने और किसी तांत्रिक क्रिया की आशंका जताई हैं।

## पश्चिम बंगाल का कथित लव जेहाद मामला

- बराड़ा मे एक सर्विस सेंटर पर नौकरी मांगने पंहुचा था प्रेमी जोड़ा।
- 5 पुलिस कर्मियों की नौकरी लगी दांव पर।

**बराड़ा।** पश्चिम बंगाल का कथित लव जेहाद मामले मे बराड़ा रेलवे स्टेशन पर पुलिस टीम को चकमा देकर फरार हुए घर से भागे एक जोड़े ने 5 पुलिस कर्मियों की नौकरी दांव पर लगा दी हैं। इस मामले मे आज जी आर पी थाना अम्बाला मे मामला दर्ज किया जा चूका हैं। आज मिली जानकारी के अनुसार ये जोड़ा उसी दिन बराड़ा स्थित एक सर्विस सेंटर पर नौकरी मांगने पंहुचा था। बता दें की कुछ दिनों पहले पश्चिम बंगाल से एक मुस्लिम युवक एक नाबालिग लड़की को लेकर फरार हो गया था। इस मामले को कुछ हिन्दू संगठनों ने लव जेहाद करार दिया था। बाद मे पुलिस टीम का गठन हुआ और कश्मीर के श्रीनगर से आरोपी युवक के जीजा के आवास से हिरासत मे ले लिया। वापिसी मे रेलवे स्टेशन बराड़ा के समीप दोनों युवक युवती पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। और पश्चिम बंगाल की पुलिस टीम के खोजने पर भी नहीं मिले। आज जी आर पी थाना अम्बाला मे मामला दर्ज कर लिया गया और आरोपी के जीजा को कोर्ट से जेल भेज दिया गया।

# नवनियुक्त प्राचार्य के स्वागत में डीएवी स्कूल में हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। हवन में भाग लेते हुए टीचर्स और बच्चे।

स्थानीय डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में नवनियुक्त प्राचार्य जयदेव के पदभार ग्रहण करने पर वैदिक परंपरा के अनुसार भव्य हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, भारतीय संस्कृति एवं उत्तम संस्कारों का विकास करना रहा। हवन यज्ञ में विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी तथा विद्यार्थियों ने श्रद्धापूर्वक भाग लेते हुए वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां अर्पित कीं।

इस अवसर पर प्राचार्य जयदेव ने यज्ञ के ब्रह्मा के रूप में अनुष्ठान का संचालन किया। यज्ञशाला में गूंजते वैदिक मंत्रों और आध्यात्मिक वातावरण ने सभी को भावविभोर कर दिया। पूर्णाहुति के उपरांत प्राचार्य जयदेव ने हवन यज्ञ के आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए वैदिक मंत्रों के गूढ़ अर्थ को सरल एवं रोचक ढंग से समझाया।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, सकारात्मक ऊर्जा और सामाजिक कल्याण का माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, संस्कार, सकारात्मक सोच और सतत ज्ञानार्जन को जीवन का आधार बनाने का संदेश दिया तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पूरे कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई और प्राचार्य के प्रेरणादायी विचारों को गंभीरता से सुना। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ। अंत में प्राचार्य जयदेव ने आयोजन को सफल बनाने के लिए विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए उनके सहयोग की सराहना की।

# पिकअप की निजी बस से टक्कर बाइक सवार की दर्दनाक मौत

- हादसे में 11 मजदूर भी जख्मी, सभी नागरिक अस्पताल में दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पंजाब सीमा के पास बसे सरसिनी गांव के समीप शुक्रवार सुबह 8 बजे अनियंत्रित पिकअप की निजी बस से टक्कर हो गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि दोनों वाहनों के चपेट में आकर एक बाइक चालक की मौत हो गई। जबकि बस में सवार 11 मजदूर चोटिल हो गए। राहगीरों की मदद से आनन-फानन में घायलों को अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया। मृतक के पास से कोई पहचान पत्र न मिलने के कारण फिलहाल शिनाख्त नहीं हो गई। सभी घायल लालडू में किराये के मकान में रहते हैं। उनकी पहचान आशीष (24), सचिन (18), मनोज (28), बलवंत (18), विनोद (28), धर्मेंद्र पासवान (36), राजेंद्र (55), विकास(25), बलविंदर कुमार (40),ओम प्रकाश (27), समीर (18) के रूप में हुई। यह मजदूर लालडू की धागा फैक्टरी में काम करते हैं और रात की शिफ्ट खत्म होने के बाद बस में सवार होकर घर लौट रहे थे। पंजाब पुलिस हादसे की जांच कर रही है। अभी तक किसी के खिलाफ केस दर्ज होने की पुष्टि नहीं हो पाई है।

# पर्सनल लोन के नाम पर 78 हजार ठगे

- साइबर पुलिस ने शिकायत के बाद शातिर ठगों के खिलाफ दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पर्सनल लोन दिलाने के नाम पर 77,510 रुपये की ऑनलाइन ठगी हो गई है। शातिरों ने पहले तो लोन अप्रूवल का झांसा दिया और फिर फाइल चार्ज, इंश्योरेंस व अन्य शुल्क के नाम पर पीड़ित और उनकी पत्नी के बैंक खातों से रुपये निकाल लिए।

पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो मोबाइल नंबरों और एक बैंक खाताधारक के खिलाफ धोखाधड़ी और संपत्ति हथियाना की धारा 318(4) और पहचान बदलकर धोखाधड़ी करने की धारा 319(2) के तहत केस दर्ज किया गया है।अंबाला शहर के सेक्टर-9 के रहने वाले गुंजन जोशी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने 4 मई को ऑनलाइन एक नामी वेबसाइट पर पर्सनल लोन के लिए सर्च किया था। इसके अगले ही दिन उनकी पत्नी के मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉलर ने खुद को नोएडा की एक फाइनेंस कंपनी की कर्मचारी बताते हुए 4 लाख रुपये का पर्सनल ऋण मंजूर होने की बात कही। झांसे में आकर उसने अपने आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक स्टेटमेंट व्हाट्सएप के जरिए भेज दिए।

### ऐसे लगाया चूना

आरोपियों ने पहले फाइल चार्ज के रूप में 1850 रुपये और फिर मैक्स लाइफ कंपनी की पॉलिसी के नाम पर 4770 रुपये ट्रांसफर करवाए। इसके बाद आरोपियों ने लोन की राशि खाते में भेजने का लालच देकर जीएसटी, कमीशन और अन्य शुल्कों के नाम पर पीड़ित व उनकी पत्नी के बैंक खातों से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 77,510 रुपये निकाल लिए। जब काफी समय बीतने के बाद भी लोन की राशि नहीं आई तो उन्हें ठगी का एहसास हुआ। उन्होंने इस संबंध में 30 मई को ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी।

# ट्रेनों में शराब तस्करी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों के कब्जे से जांच टीम को मिली 63 बोतल अंग्रेजी शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ट्रेनों के माध्यम से अवैध शराब की तस्करी करने वाले गिरोहों के तीन आरोपियों को काबू किया गया है। यह कार्रवाई आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने विशेष अभियान के तहत की। टीम ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है, जो भारी मात्रा में चंडीगढ़ मार्का शराब की खेप बिहार ले जाने की फिराक में थे। संयुक्त टीम ने निपुण कुमार नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसके बैगों की तलाशी लेने पर 27 बोतल अंग्रेजी शराब की बरामद हुई। आरोपी मूल रूप से बिहार का रहने वाला है और चंडीगढ़ में रह रहा था। उसने बताया कि वो पहले भी कई बार शराब की खेप लेकर बिहार जा चुका है। इसी प्रकार दूसरे मामले में टीम ने सोनू कुमार और राजेश शाह को पकड़ा। इन दोनों तस्करों के पास से 36 बोतल अंग्रेजी शराब की बरामद की गई। आरोपियों ने कबूल किया कि वे चंडीगढ़ से शराब खरीदकर उसे बिहार ले जा रहे थे और इसके लिए उन्हें 2 से 3 हजार रुपये मिलते थे। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 61/4/20 के तहत केस दर्ज किया गया है।

## महिला का फोन हैक कर 98 हजार की ठगी करने वाले आरोपी काबू

**अंबाला।** मोबाइल पर 21 मई को एपीके (एपीके) फाइल भेजकर गोबिंद नगर की स्नेहा गुप्ता का फोन हैक कर 98 हजार रुपए की ठगी करने के मामले में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर में छापेमारी कर रामाजी का पूरा के विनोद कुमार को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह साइबर ठगों के गिरोह के संपर्क में था और मोटे कमीशन के बदले अपना बैंक खाता उन्हें इस्तेमाल करने के लिए देता था। ठगी की रकम उसके खाते में आने के बाद वह अपना कमीशन काटकर शेष राशि गिरोह के अन्य सदस्यों को ट्रांसफर कर देता था। जांच अधिकारी एएसआई सतपाल सिंह ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005



# हंसराज हंस ने आध्यात्मिक गायकी से की नई शुरुआत

**चण्डीगढ़।** अपनी सुरीली और भावपूर्ण आवाज से करोड़ों दिलों पर राज करने वाले पद्मश्री हंसराज हंस एक बार फिर अपने नए आध्यात्मिक गीत "ओहदियां खेडा" के साथ श्रोताओं के बीच आ गए हैं। आज चण्डीगढ़ प्रेस क्लब में अपनी नवीनतम प्रस्तुति को लेकर मीडिया से रू-ब-रू होने के लिए पधारे पद्मश्री हंसराज हंस ने पत्रकारों के सामने अपना दिल खोल कर रख दिया। उन्होंने कहा कि राजनीति में सिर्फ झूठ का ही बोलबाला है। उन्होंने राजनीति के बारे में एक शब्द भी बोलने से इंकार करते हुए कहा कि अब से वह सिर्फ और सिर्फ अपनी पुरानी पहचान सूफी गायकी की परम्परा को ही आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि उनका मकसद रुहानियत से भरपूर रचनाओं से अपने श्रोताओं की आत्मा को सुकून पहुंचाना है। उनके साथ प्रेस वार्ता में इस शानदार व दिल को छू लेने वाली शब्दावली के रचयिता गीतकार संजीव आनंद, प्रसिद्ध गीतकार शमशेर संधू व गायक कलाकार हरदीप आदि भी मौजूद रहे।

## हरपाल सिंह ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई

# पाकिस्तान में ऐतिहासिक गुरुद्वारे को नुकसान, सिखों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के निदेशक सरदार हरपाल सिंह ने कहा कि पाकिस्तान के फारूकाबाद चुहरकाना में 125 वर्ष पुराने ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा साहिब पर बुलडोजर चलाकर गुरुद्वारा साहिब के भवन को नुकसान पहुंचाने की घटना से पूरी दुनियां की सिख संगत में रोष है। संगत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पुरजोर मांग करती है कि पाकिस्तान पर दबाव बनाकर इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।



### अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर सवाल

हरपाल सिंह ने कहा कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के हित सुरक्षित नहीं हैं। धार्मिक उन्माद फैलाकर सिखों को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। जो सहन नहीं होगा। उन्होंने बताया कि 125 वर्ष प्राचीन ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा साहिब का इतिहास पहली पातशाही श्रीगुरु नानक देवजी से जुड़ा हुआ है। इसका निर्माण 1901 में सिंह सभा आंदोलन के दौरान हुआ था। लाहौर से करीब 70 किलोमीटर दूर स्थित यह धार्मिक स्थल सिख समुदाय की आस्था और ऐतिहासिक धरोहर का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद पूरी दुनिया के सिख संगठनों और मानवाधिकार कार्यकतार्ओं ने इस ऐतिहासिक धरोहर को नुकसान पहुंचाए जाने की घटना की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और पाकिस्तान में स्थित अल्पसंख्यकों के धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। हरपाल सिंह ने कहा कि गुरुद्वारा साहिब की सुरक्षा करने में वहां के प्रशासन और सरकार ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। ऐसी बहुत सी घटनाएं सामने आ चुकी हैं।